Dr. DHANVIR PRASAD

ASSISTANT PROFESSOR (G T)

C.M.J COLLEGE DONWARIHAT(KHUTONA)MADHUBANI

DEPT.OF.PSYCHOLOGY

L.N.M.U DARBHANGA

MOBILE NO:- 6206696451

E-MAIL- dhabeerparasad@gmail.com

PROBLEM SOLVING

समस्या समाधान का अर्थ :-

समस्या समाधान का अर्थ है वह मानसिक प्रक्रिया जिसके द्‌वारा व्यक्ति किसी समस्या का समाधान करता है ।यहाँ दो शब्द या पद प्रमुख हैं-समस्या तथा समाधान ।समस्या का अर्थ है वह प्रश्न जिसका उत्तर फिलहाल उपलब्ध न हो ।समाधान का अर्थ है उस प्रश्न का उत्तर ।अतः सधारन अर्थ में समस्या समाधान वह प्रक्रिया है,जिसके माध्यम से व्यक्ति किसी प्रश्न के उपयुक्त उत्तर

की खोज करता है । बेरौन के अनुसार-समस्या समाधान का तात्पर्य वांछित लक्ष्यों को प्राप्त करने के उद्देश्य से विभिन्न प्रतिकियाओं को विकसित करने या उनमें से चयन करने के प्रयासों से है ।

बैरोन ने समस्या समाधान के चार मुख्य चरणों या अवस्थाओं का वर्णन किया है,जो निम्नलिखित हैं:-

1. समस्या की पहचान :-

   समस्या समाधान के पहले चरण में समस्या की पहचान की जाती है ।दूसरे शब्दों में यह निर्धारित किया जाता है कि आखिर समस्या क्या है? जैसे- आपकी गाड़ी एकाएक बंद हो गयी है ।अतः पहले चरण में यह पता लगाना होगा कि गाङी क्यों बंद हो गयी?समस्या की पहचान कभी-कभी काफी कठिन होती है ।जब तक समस्या की सही पहचान नही होगी तब तक समस्या के समाधान हेतु सही कदम उठाना कठिन होगा ।

2. संभावित समाधानों के प्रतिपादन :-

समस्या समाधान के दूसरे चरण में समस्या के संभव समाधानों का सूत्रीकरण किया जाता है ।इसके लिए संज्ञानात्मक अनुभवों तथा दीर्घकालीन स्मृति में संचित सूचनाओं का उपयोग करना आवश्यक होता है ।इस तरह की सूचनाए जितनी अधिकसंख्या में दीर्घकालीन स्मृति में संचित रहती हैं, संभावित समाधानों की संख्या उतनी ही अधिक होती है ।

3. संभावित समाधान का मूल्यांकन :-

इस तीसरे चरण में सभी उपलब्ध संभावित समाधानों की जांच एक-एक करके की जाती है और प्रत्येक के परिणाम को निर्धारित किया जाता है ।

4. संभावित समाधान का परीक्षण :-

समस्या समाधान के इस अंतिम चरण में प्रत्येक संभावित समाधान का परीक्षण किया जाता है ।इस क्रम में समस्या का सही समाधान उपलब्ध हो जाता है ।उपर्युक्त उदाहरन में जब पता चलता है कि

गाडी के बंद हो जाने कारण खराब ज्वलन है तो उसे दूर कर दिया जाता है और गाड़ी फिर चलने लगती है।इस तरह समस्या का समाधान हो जाता है ।